- **हाल ही में आयोजित 15वें हॉकी विश्व कप 2023 की उपविजेता टीम कौनसी है?**

(1) जर्मनी (2) बेल्जियम
(3) नीदरलैंड (4) ऑस्ट्रेलिया **(2)**

**व्याख्या–**




- जर्मनी ने **29 जनवरी 2023** को भारत के भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में FIH पुरुष हॉकी विश्वकप 2023 जीतने के लिए पेनल्टी शूटआउट में बेल्जियम को 5-4 से हरा दिया।
- जर्मनी तीन हॉकी विश्व कप खिताब जीतने वाली चौथी टीम बन गई। हॉकी विश्व कप की सबसे सफल टीम पाकिस्तान ने चार बार खिताब जीता है। नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया अन्य दो टीमें हैं जिन्होंने तीन-तीन खिताब जीते हैं।

- **FIH ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 पुरस्कारों की सूची में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब किसने जीता?**

(1) मुस्तफा कासिम (2) निकलास वेलेन
(3) जेरेमी हेवर्ड (4) विन्सेंट वनाश **(2)**

**व्याख्या–**

**FIH ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 पुरस्कारों की सूची-**

1. स्वर्ण पदक : जर्मनी
2. रजत पदक : बेल्जियम
3. कांस्य पदक : नीदरलैंड
4. सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी : निकलास वेलेन (जर्मनी)
5. बेस्ट फॉरवर्ड : निकलास वेलेन (जर्मनी)
6. फेयर प्ले अवार्ड : टीम बेल्जियम
7. बेस्ट जूनियर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट : मुस्तफा कासिम (दक्षिण अफ्रीका)
8. हीरो टॉप स्कोरर : जेरेमी हेवर्ड (ऑस्ट्रेलिया)
9. सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर : विन्सेंट वनाश (बेल्जियम)
10. सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर : जेरेमी हेवर्ड (ऑस्ट्रेलिया)
11. सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर : विक्टर वेगने (बेल्जियम)

- **हाल ही में किस देश ने महिला क्रिकेटरों को सम्मानित करने के लिए 'डेबी हॉकले मेडल' लॉन्च करने की घोषणा की है?**

(1) न्यूजीलैंड (2) दक्षिण अफ्रीका
(3) ब्रिटेन (4) ऑस्ट्रेलिया **(1)**

**व्याख्या–** न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने घोषणा की है कि उत्कृष्ट महिला क्रिकेटर को इस साल के वार्षिक क्रिकेट पुरस्कार समारोह में 'डेबी हॉकले मेडल' से सम्मानित किया जाएगा। इस साल 23 मार्च 2023 को आकलैंड में आयोजित होने वाले न्यूजीलैंड क्रिकेट अवार्डस में साल के उत्कृष्ट पुरुष क्रिकेटर के लिए सर रिचर्ड हैडली मेडल के बराबर का दर्जा इस मेडल को भी दिया जाएगा।

- **हाल ही में ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजी ने पहली ग्रीन सोलर पैनल फैक्ट्री कहाँ स्थापित करने की घोषणा की है?**

(1) गोवा (2) गुजरात
(3) उत्तराखण्ड (4) राजस्थान **(3)**

**व्याख्या–** ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजी द्वारा उत्तराखंड के रुद्रपुर में भारत का पहला हरित ऊर्जा आधारित सौर पैनल निर्माण संयंत्र बनाने की घोषणा की है जो इस साल के अंत तक चालू हो जाएगा। हरित ऊर्जा आधारित उच्च गुणवत्ता वाले सौर पैनल नवीनतम तकनीक से

लैस होगे जिनका उपयोग आवासीय और व्यावसायिक दोनों अनुप्रयोगों के लिए किया जाएगा।

- यहां हर साल 500 मेगावाट की सौर उत्पादन क्षमता के लिए जरूरी पैनलों का विनिर्माण किया जाएगा। बाद में इसे एक गीगावॉट (1,000 मेगावॉट) तक बढ़ाया जा सकता है।

❑ **हाल ही में RBI द्वारा पहली बार कौनसा बॉन्ड जारी किया गया है, जिसका उद्देश्य हरित परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करना है?**

(1) सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड (2) सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड
(3) म्युनिसिपल बॉन्ड (4) मसाला बॉण्ड **(1)**

**व्याख्या–**



केंद्र सरकार की तरफ से पहली बार ग्रीन बॉन्ड (Green Bond) की बदौलत पैसा जुटाने पर जोर दिया जा रहा है। इसे लेकर RBI द्वारा सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड (Sovereign Green Bond) की पहली किस्त जनवरी 2023 माह के अंतिम सप्ताह मे जारी की गई है।

- इस बॉन्ड से जुटाई जाने वाली राशि का इस्तेमाल नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ परिवहन, ऊर्जा दक्षता, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन, स्थायी जल और अपशिष्ट प्रबंधन, प्रदूषण और रोकथाम नियंत्रण सहित विभिन्न हरित परियोजनाओं के लिए किया जाएगा।
- RBI ने 8000 करोड़ रुपये के सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड की पहली किस्त जारी कर दी है। इसमें 4000 करोड़ वाले ग्रीन बॉन्ड (Green Bonds) 5 साल के लिए और दूसरे 4000 करोड़ रुपये वाले सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड 10 साल के लिए जारी किए गए हैं।
- इसकी दूसरी किस्त 9 फरवरी 2023 को 8000 करोड़ के सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड के तौर पर जारी की जाएगी। इसमें 4000 करोड़ वाले ग्रीन बॉन्ड 5 साल के लिए और दूसरे 4000 करोड़ रुपये वाले सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड 10 साल के लिए जारी किए जाएंगे।

❑ **भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किस योजना को प्रतिस्थापित करके 'स्मारक मित्र योजना' को लॉन्च करने की घोषणा है?**

(1) प्रसाद योजना
(2) स्वदेश दर्शन योजना
(3) धरोहर गोद लें योजना
(4) राष्ट्रीय हरित पर्यटन मिशन **(3)**

**व्याख्या–** केंद्र सरकार जल्द ही स्मारक मित्र योजना के एक नए संस्करण की शुरुआत करेगी, जिसके तहत संस्कृति मंत्रालय भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के 1,000 स्मारकों के रखरखाव के लिए निजी उद्योगों के साथ साझेदारी करेगा। यह योजना धरोहर गोद ले योजना के स्थान पर लाई जा रही है।

भारत में यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त कुल 40 विरासत धरोहर स्थल (32 सांस्कृतिक, 7 प्राकृतिक और 1 मिश्रित) हैं। इनमें शामिल धौलावीरा का हड़प्पा शहर और काकतीय रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर सबसे नवीनतम हैं।

❑ **शिक्षा मंत्रालय द्वारा उच्च शिक्षा पर जारी अखिल भारतीय सर्वेक्षण 2021-21 के तहत् सर्वाधिक नामांकन किस राज्य में दर्ज किया गया है?**

(1) उत्तर प्रदेश (2) महाराष्ट्र
(3) तमिलनाडु (4) मध्यप्रदेश **(1)**

**व्याख्या–** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण (एआईएसएचई) 2020-21 जारी किया है। शिक्षा मंत्रालय वर्ष 2011 से उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण (एआईएसएचई) आयोजित कर रहा है, जिसमें भारतीय क्षेत्र में स्थित सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को शामिल किया गया है। सर्वेक्षण विभिन्न मापदंडों पर विस्तृत जानकारी एकत्र करता है जैसे छात्र नामांकन, शिक्षक का डेटा, अवसंरचना संबंधी जानकारी, वित्तीय जानकारी आदि। सर्वाधिक नामांकित छात्रों की संख्या के मामले उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु शीर्ष पर स्थित है।

❑ **31 जनवरी 2023 को '<u>राष्ट्रीय महिला आयोग</u>' द्वारा कौनसा स्थापना दिवस मनाया गया है?**

(1) 29वें (2) 30वें
(3) 31वें (4) 32वें **(3)**

**व्याख्या–**

National Commission for Women, India

**राष्ट्रीय महिला आयोग**

- भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 31 जनवरी, 2023 को दिल्ली में राष्ट्रीय महिला आयोग के 31वें स्थापना दिवस को संबोधित किया।
- आयोग ने 31 जनवरी, 2023 से 1 फरवरी, 2023 तक अपना 31वां स्थापना दिवस मनाया।

❑ **हाल ही में न्यायाधीशों के एक पैनल द्वारा गणतंत्र दिवस परेड की सर्वश्रेष्ठ झांकी किसे घोषित किया गया है?**

(1) गुजरात (2) उत्तराखंड
(3) महाराष्ट्र (4) उत्तरप्रदेश **(2)**

**व्याख्या–**

- गणतंत्र दिवस परेड 2023 की सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग टुकड़ी और झांकी की घोषणा कर दी गई है। अलग-अलग परिणाम एक न्यायाधीशों के एक पैनल द्वारा और दूसरा MyGov द्वारा आयोजित एक ऑनलाइन सार्वजनिक वोट के माध्यम से घोषित किया गया है।

❑ **30 जनवरी, 2023 को <u>राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की कौनसी पुण्यतिथि</u> मनाई गई है?**

(1) 72वीं (2) 73वीं
(3) 74वीं (4) 75वीं **(4)**

**व्याख्या–** 30 जनवरी 2023 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 75वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दिन को शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। आजादी के एक वर्ष के भीतर ही 30 जनवरी, 1948 को प्रार्थना सभा के दौरान नाथू राम गोड्से नाम के एक हिंदू राष्ट्रवादी ने गोली मारकर महात्मा गांधी (Mahatma Gandhi) की हत्या कर दी। वर्ष 2007 में संयुक्त राष्ट्र ने उनके जन्म दिवस 2 अक्टूबर को विश्व अहिंसा दिवस घोषित किया।

❑ **27 से 31 जनवरी तक होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) फिल्म महोत्सव का आयोजन कहाँ किया गया?**

(1) मुंबई (2) बीजिंग
(3) मॉस्को (4) समरकन्द **(1)**

**व्याख्या–** राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) के माध्यम से सूचना और प्रसारण मंत्रालय **27 से 31 जनवरी, 2023** तक मुंबई में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) फिल्म महोत्सव का आयोजन किया गया।

- फिल्मोत्सव का उद्देश्य एससीओ के अनेक देशों की संस्कृतियों के बीच सेतु के रूप में काम करना और

सिनेमाई साझेदारी बनाना है। इससे एससीओ के सदस्य देशों की फिल्म बिरादरी के बीच भी सामंजस्य बढ़ेगा।

❑ **हाल ही में कहाँ दुनिया का सबसे लंबा कैलीग्राफिक म्यूरल का निर्माण किया गया है?**

(1) बेंगलुरू (2) मक्का
(3) जिनेवा (4) लंदन (2)

**व्याख्या–**मक्का में ग्रैंड मस्जिद रोड में दुनिया की सबसे लंबी कैलीग्राफिक पेंटिंग है, जो पवित्र शहर की सौंदर्य अपील में सबसे हालिया है। कलाकार अमल फेलम्बन द्वारा बनाई गई 75 मीटर की भित्ति कई मूर्तियों और प्रतिष्ठानों में से एक है, जो स्थानीय सरकार द्वारा अपनी सौंदर्य अपील में सुधार करने और तीर्थयात्रियों को सऊदी विरासत और संस्कृति दिखाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के हिस्से के रूप में पहले से ही मक्का को सुशोभित करती है।

❑ **हाल ही में वायु सेना द्वारा पूर्वोत्तर भारत में 'प्रलय अभ्यास' का आयोजन करने की घोषणा की हैं, वायु सेना का पूर्वी कमान का मुख्यालय कहाँ स्थित हैं?**

(1) शिलांग (2) तवांग
(3) कोहिमा (4) अगरतला (1)

**व्याख्या–** भारतीय वायु सेना (IAF) भारत-चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) के बारे में अलग-अलग धारणाओं के अनसुलझे विवाद के बीच भारत के उत्तरपूर्वी क्षेत्र में "PRALAY अभ्यास" का आयोजन करेगी।

- पूर्वी वायु कमान का शिलांग में मुख्यालय हैं जो भारतीय वायु सेना के अपने पांच परिचालन कमांडों में से एक है और पूर्वी क्षेत्र में वायु संचालन को नियंत्रित करता है। इसकी जिम्मेदारी के क्षेत्र में चीन, नेपाल, भूटान, म्यांमार और बांग्लादेश के साथ 6300 किमी लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा शामिल है।
- भारत-पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ द्वारा राजस्थान और गुजरात में गणतंत्र दिवस के मद्देनजर 21 से 28 जनवरी 2023 तक सात दिवसीय 'ऑप्स अलर्ट अभ्यास' का आयोजन किया गया। इसका आयोजन सर क्रीक से गुजरात के कच्छ के रण और राजस्थान के बाड़मेर जिले तक किया गया।

❑ **74वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि थे–**

(1) जायर बोल्सनारो
(2) अब्देल फतेह अल-सिसि
(3) सुकर्णो
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं (2)

**व्याख्या–**



मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल-सिसि 74वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि थे। मिस्र के राष्ट्रपति को गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में पहली बार आमंत्रित किया गया है। मिस्र की सेना के एक सैन्य दल ने भी गणतंत्र दिवस परेड में भागीदारी निभायी।

2022-23 में जी-20 में भारत की अध्यक्षता के दौरान मिस्र को एक 'अतिथि देश' के रूप में आमंत्रित किया गया है।

❑ **'राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2023' की थीम है–**

(1) मजबूत लोकतंत्र के लिए चुनावी साक्षरता
(2) वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम
(3) मतदाताओं को सशक्त, सचेत, सुरक्षित और जागरूक बनाना
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं (2)

**व्याख्या–**




वोटरों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए हर वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। 18 वर्ष की आयु के बाद हर आयु वर्ग और लिंग के लोगों को मतदान का अधिकार है। भारत निर्वाचन आयोग इस साल पूरे देश में 13वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस, जिसकी थीम 'वोटिंग जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे हम' (नथिंग लाइक वोटिंग, आई वोट फॉर श्योर) मनाया गया।

- वर्ष 2011 में तात्कालिक राष्ट्रपति प्रतिभा देवी पाटिल ने पहली बार 25 जनवरी 2011 को 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' मनाने की शुरुआत की थी।

❑ **केंद्र सरकार द्वारा कुश्ती महासंघ का कामकाज देखने के लिए किसकी अध्यक्षता में ओवरसाइट समिति का गठन किया है?**

(1) विनेश फोगाट (2) योगेश्वर दत्त
(3) मैरी कॉम (4) अनुराग ठाकुर **(3)**

**व्याख्या–**

खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ (WFI ) और उसके अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के धरने के बाद एक ओवरसाइट समिति बनाई है। यह समिति कुश्ती महासंघ के कामकाज को देखेगी। इसकी प्रमुख विश्व चैंपियन मुक्केबाज मैरी कॉम होंगी। इससे पहले मैरी कॉम को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भी अपनी जांच समिति का प्रमुख बनाया था।

❑ **हाल ही में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश को कब तक देश का पहला हरित राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है?**

(1) वर्ष 2025 (2) वर्ष 2028
(3) वर्ष 2030 (4) वर्ष 2032 **(1)**

**व्याख्या–** हिमाचल प्रदेश की सरकार ने जलविद्युत, हाईड्रोजन और सौर ऊर्जा का दोहन करने और हिमाचल को वर्ष 2025 तक देश का पहला हरित राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इससे औद्योगिक उत्पाद को हरित उत्पादों के रूप में बेहतर मूल्य एवं निर्यात में प्राथमिकता मिलेगी।

- सरकार सौर ऊर्जा संयंत्रों में निवेश करेगी। वर्ष 2023-24 के दौरान प्रदेश में 500 मेगावाट की सौर परियोजनाएं स्थापित की जाएंगी। 200 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं हिमाचल प्रदेश ऊर्जा निगम लिमिटेड (एचपीपीसीएल) की ओर से स्थापित की जाएंगी। इसके दृष्टिगत 70 मेगावाट क्षमता के लिए भूमि चिह्नित की जा चुकी है।

❑ **यूनेस्को द्वारा अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस-2023 की थीम, किस देश की महिलाओं को समर्पित करने की घोषणा की गई हैं?**

(1) अफगानिस्तान (2) सऊदी अरब
(3) ईरान (4) दक्षिण अफ्रीका **(1)**

**व्याख्या–** संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन यूनेस्को ने इस वर्ष 24 जनवरी को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस, अफगान बालिकाओं और महिलाओं को समर्पित करने का निर्णय लिया है। संगठन की महानिदेशक ऑड्रे एज़ोले ने बताया कि किसी भी देश में लड़कियों को शिक्षा से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

- यूनेस्को के अनुसार, फिलहाल अफगानिस्तान में लगभग 80 प्रतिशत बालिकाएं और युवतियां तालिबानी

शासन में शिक्षा से वंचित हैं, क्योंकि उन्हें स्कूल और कॉलेज नहीं जाने दिया जा रहा है।

- **हाल ही में किसके द्वारा स्वदेशी मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम 'Bharos' विकसित किया गया हैं?**

(1) आईआईटी दिल्ली (2) आईआईटी मद्रास
(3) आईआईटी मुंबई (4) आईआईटी खड़कपुर **(2)**

**व्याख्या–**आत्मनिर्भर भारत बनाने के लक्ष्य के साथ, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास ने एक मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम 'BharOS' विकसित किया है जिससे भारत में 100 करोड़ सेलफोन उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचेगा। jandk ऑपरेशंस प्राइवेट लिमिटेड जो आईआईटी मद्रास की स्थापित कंपनी है, इसके द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित 'BharOS' देश में मजबूत स्वदेशी डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है।

- यह ऑपरेटिंग सिस्टम यूजर्स को हाईटेक सिक्योरिटी और प्राइवेसी प्रदान करता है। 'BharOS' में नो डिफॉल्ट ऐप्स (एनडीए) है, जिसका अर्थ है कि लोगों को उन ऐप्स का उपयोग करने के लिए मजबूर नहीं किया जाता है जिनसे वे अपरिचित हैं या जिन पर उन्हें भरोसा नहीं है।

- **हाल ही में भारतीय डाक विभाग द्वारा समुद्र मार्ग से पार्सल और डाक पहुंचाने की 'तरंग मेल सेवा' कहाँ शुरू की गई हैं?**

(1) केरल (2) गोवा
(3) गुजरात (4) पश्चिम बंगाल **(3)**

**व्याख्या–** केन्द्रीय संचार राज्यमंत्री देवसिंह चौहान ने सूरत में हाजिरा बंदरगाह से इस सेवा का शुभारंभ किया। भारतीय डाक विभाग ने सौराष्ट्र, दक्षिण गुजरात तथा मुंबई के बीच डाक पहुंचाने के लिए गोगा-हजिरा मार्ग पर रोपैक्स फेरी सेवा शुरू की है।

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हजीरा और गोधा के बीच रोपैक्स सेवा का नवंबर 2020 में उद्घाटन किया गया था। इस सेवा को भारी जन समर्थन प्राप्त हो रहा है। इस सेवा के उद्घाटन के बाद से दिसंबर 2022 तक 3.7 लाख से अधिक यात्रियों और 1.1 लाख वाहनों (कार, बस, ट्रक) का परिवहन किया गया है।

- **हाल ही में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती मनाई गई, इन्हें नेताजी की उपाधि किसके द्वारा प्रदान की गई थी?**

(1) रवींद्र नाथ टैगोर (2) सरदार पटेल
(3) महात्मा गांधी (4) हिटलर **(4)**

**व्याख्या–**




नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 23 जनवरी 2023 को देश भर में 126वीं जयंती मनाई गयी। भारत की आजादी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने 'आजाद हिंद फौज' की स्थापना की थी, नेता जी का प्रसिद्ध नारा हैं 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा'।

- इन्होंने विवेकानंद को अपना आध्यात्मिक एवं चितरंजन दास को राजनीतिक गुरु माना था।
- महात्मा गांधी को सुभाष चंद्र बोस ने 'राष्ट्रपिता' कह कर संबोधित किया था।
- देश में 23 जनवरी को पराक्रम दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुभाष चंद्र बोस की स्मृति में पराक्रम दिवस को मनाने की घोषणा की थी।

- **तेलंगाना सरकार द्वारा 'कान्ति वेलुगु' योजना का दूसरा संस्करण किस उद्देश्य से प्रारंभ किया गया**

हैं?

(1) नि:शुल्क धान वितरण करना

(2) नि:शुक्ल स्मार्टफोन प्रदान करना

(3) नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करना

(4) नि:शुल्क आँखों की जांच **(4)**

**व्याख्या–**



Telangana Kanti Velugu Scheme

तेलंगाना सरकार द्वारा 'कान्ति वेलुगु' योजना का दूसरा संस्करण जनवरी 2023 से प्रारंभ किया गया हैं। तेलंगाना में लगभग 3.70 करोड़ लोगों की आंखों की समस्याओं के लिए जांच की जाएगी जिसमें अपवर्तन त्रुटियां, मोतियाबिंद, विटामिन-ए की कमी, आंखों में संक्रमण, ग्लूकोमा, कॉर्नियल विकार और डायबिटिक रेटिनोपैथी शामिल हैं।

❑ **हाल ही में संगीत समारोह संस्कृति फाउंडेशन द्वारा तेलंगाना मे 'हैदराबाद त्यागराज आराधना संगीत समारोह' का कौनसा संस्करण आयोजित किया गया?**

(1) 7वां (2) 6वां

(3) 5वां (4) 8वां **(4)**

**व्याख्या**-संगीत समारोह संस्कृति फाउंडेशन द्वारा तेलंगाना मे 'हैदराबाद त्यागराज आराधना संगीत समारोह' (HTAMF) का 8वां संस्करण आयोजित किया गया, जिसमें 18 जनवरी से 22 जनवरी तक पांच दिनों तक चलने वाले कई कार्यक्रम शिल्परमम, मधापुर में हुए।

❑ **देश का सबसे गहराई ( 108.59 फीट ) में स्थित, भूमिगत मेट्रो स्टेशन कहाँ स्थापित किया जा रहा है?**

(1) पुणे (2) कोलकाता

(3) दिल्ली (4) मुंबई **(1)**

**व्याख्या–**महाराष्ट्र के पुणे में बन रहा मेट्रो रेल का सिविल कोर्ट इंटरचेंज मेट्रो स्टेशन भारत का सबसे गहराई पर स्थित मेट्रो स्टेशन होगा। रिपोर्ट के अनुसार, इस मेट्रो स्टेशन की गहराई ज़मीन से 33.1 मीटर (108.59 फीट) नीचे तक होगी।

❑ **हाल ही में किस राज्य की 'एटालिन जलविद्युत परियोजना' को वन सलाहकार समिति द्वारा रद्द किया गया हैं?**

(1) हिमाचल प्रदेश (2) सिक्किम

(3) अरुणाचल प्रदेश (4) असम **(3)**

**व्याख्या–**अरुणाचल प्रदेश में एटालिन जलविद्युत परियोजना को उसके वर्तमान स्थिति में रद्द कर दिया है। इस योजना टैंगन और दिर नदियों पर किया गया हैं। दिर नदी और टैंगन नदी, दिबांग नदी (ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी) की सहायक नदियां हैं। दोनों नदियाँ सिंचाई और जलविद्युत उत्पादन के लिये पानी उपलब्ध कराकर क्षेत्र के समग्र जल विज्ञान में योगदान करती हैं।

❑ **हाल ही में आर विष्णु प्रसाद को किस श्रेणी में वर्ष 2022 का 'इंडियन अचीवर्स अवार्ड' प्रदान किया गया हैं?**

(1) खिलाड़ी (2) अभिनेता

(3) वैज्ञानिक (4) सैनिक **(3)**

**व्याख्या–**आर विष्णु प्रसाद को सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में वर्ष 2022 के सबसे प्रतिष्ठित वैज्ञानिक सम्मान के तहत इंडियन अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया। आर विष्णु प्रसाद के नाम पर 69 पेटेंट दर्ज हैं।

- स्मार्ट शहरों, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, बड़े स्तर पर जल के शोधन, स्वच्छ भारत अभियान में योगदान देने वाले

विष्णु प्रसाद का चयन न्यायमूर्ति ज्ञान सुधा मिश्रा की अध्यक्षता वाली एक जूरी ने किया था।

- **राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम द्वारा राज्य में 10,000 मेगावाट क्षमता की अक्षय ऊर्जा परियोजनायें स्थापित करने के लिए MOU किया गया है?**
  (1) टी. एच. डी. सी. लिमिटेड से
  (2) राजस्थान ऊर्जा मिशन से
  (3) टाटा ऊर्जा मिशन से
  (4) इनमें से कोई नहीं **(1)**

  **व्याख्या–**

  टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
  THDC INDIA LIMITED

  राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के अध्यक्ष – आशुतोष ए.टी. पेडणेकर

- **हाल ही में जारी केन्द्र सरकार की रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान के प्रत्येक किसान परिवार पर कितने रुपये का कर्ज बताया गया है?**
  (1) औसतन 1.13 लाख रुपये का कर्ज
  (2) औसतन 3 लाख रुपये का कर्ज
  (3) औसतन 50 हजार रुपये का कर्ज
  (4) औसतन 2 लाख रुपये का कर्ज **(1)**

  **व्याख्या–** इस सूची में राजस्थान का देश में 7वां स्थान है।
  राजस्थान में किसानों की औसत मासिक आय 12,520 रुपये है।

- **पं. जवाहर लाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी द्वारा कितने लेखकों को बाल साहित्य मनीषी उपाधि से सम्मानित किया जाएगा?**
  (1) 5 लेखकों को (2) 7 लेखकों को
  (3) 3 लेखकों को (4) 1 लेखक को **(1)**

- **भारत सरकार द्वारा 24-25 जनवरी को 'कृषि महोत्सव प्रदर्शनी' का आयोजन कहाँ किया गया?**
  (1) राजसमंद (2) जैसलमेर
  (3) कोटा (4) उदयपुर **(3)**

- **हाल ही में देश के पहले OTT न्यूज ग्रुप 'द चौक' का शुभारम्भ किसके द्वारा किया गया?**
  (1) अशोक गहलोत द्वारा
  (2) सचिन पायलट द्वारा
  (3) नरेन्द्र मोदी द्वारा
  (4) वसुंधरा राजे द्वारा **(1)**

- **जालौर जिले में 'जालौर महोत्सव' का आयोजन कब किया जाएगा?**
  (1) 11-12 फरवरी 2023
  (2) 12-13 फरवरी 2023
  (3) 15-17 फरवरी 2023
  (4) 20-22 फरवरी 2023 **(3)**

- **राजस्थान एसोसिएशन ऑफ स्पाइसेज (रास) द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय मसाला बिजनेस मीट 2023 का आयोजन कब किया गया?**
  (1) 28-29 जनवरी 2023
  (2) 1-2 जनवरी 2023
  (3) 15-16 जनवरी 2023
  (4) 21-22 जनवरी 2023 **(1)**

  **व्याख्या– उद्घाटनकर्त्ता** – ओम बिरला
  **स्थान** – जयपुर।

- **हाल ही में 72वीं जूनियर नेशनल बॉस्केटबॉल चैंपियन में राजस्थान ने कौनसा पदक जीता?**
  (1) स्वर्ण पदक (2) कांस्य पदक

(3) रजत पदक (4) इनमें से कोई नहीं **(3)**

❑ **भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन 'वंदे मेट्रो' हेरिटेज रूट्स पर कब तक संचालित की जायेगी?**

(1) दिसम्बर 2024 तक (2) दिसम्बर 2025 तक
(3) दिसम्बर 2023 तक (4) दिसम्बर 2026 तक **(3)**

**व्याख्या–**

## भारत की पहली हाईड्रोजन ट्रेन




आम बजट 2023-24 में भारतीय रेल्वे के लिए अब तक का सबसे अधिक 2.41 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। सरकार ने 35 हाइड्रोजन ईंधन आधारित ट्रेनों का निर्माण करने का प्रस्ताव दिया है और पहली ट्रेन दिसम्बर, 2023 तक बनाई जाएगी।

❑ **मुख्यमंत्री द्वारा दौसा में नीलकंठ बॉयोडायवर्स फॉरेस्ट और खान भांकर ईको पार्क के विकास हेतु कितने करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है?**

(1) 3 करोड़ रुपये (2) 1 करोड़ रुपये
(3) 5 करोड़ रुपये (4) 6 करोड़ रुपये **(1)**

❑ **36वां अन्तर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेला 2023 का आयोजन कहाँ किया गया?**

(1) हरियाणा (2) उत्तर प्रदेश
(3) राजस्थान (4) मध्य प्रदेश **(1)**

**व्याख्या–**

## Surajkund Fair 2023



हरियाणा के फरीदाबाद में सूरजकुंड मेले का प्रारम्भ 3 फरवरी 2023 को हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य लोकल आर्ट को बढ़ावा देना और रोजगार के अवसर प्रदान करना था।

❑ **एशिया के पहले फ्लोटिंग फेस्टिवल का आयोजन कहाँ किया गया?**

(1) हरियाणा (2) उत्तर प्रदेश
(3) राजस्थान (4) मध्य प्रदेश **(4)**

**व्याख्या–** मध्य प्रदेश सरकार की पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री उषा ठाकुर ने पांच दिवसीय गांधीसागर फ्लोटिंग फेस्टिबल के पहले संस्करण का उद्घाटन 1 फरवरी 2023 को मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में गाँधी सागर बांध के तट पर किया।

❑ **नेशनल बीच सॉकर चैंपियनशिप 2023 के पहले संस्करण की विजेता टीम कौनसी है?**

(1) राजस्थान (2) गुजरात
(3) पंजाब (4) केरल **(4)**

**व्याख्या–** केरल राज्य की टीम ने 1 फरवरी 2023 को डुमास बीच, सूरत, गुजरात में आयोजित 'नेशनल बीच सॉकर चैंपियनशिप-2023' का पहला संस्करण पंजाब को 13-4 से हराने के बाद जीत लिया है।

❑ **भारत ने कोविड-19 के खिलाफ पहला मेड-इन-इंडिया नेजल वैक्सीन iNCOVACC लॉन्च किया। यह टीका**

**किसने विकसित किया है?**

(1) भारत बायोटेक (2) अमेरिका बायोटेक

(3) चीन बायोटेक (4) इनमें से कोई नहीं **(4)**

**व्याख्या-**वैक्सीन को भारत बायोटेक ने बनाया है।

iNCOVACC प्री-फ्यूजन-स्टेबलाइज्ड SARS-CoV-2 स्पाइक प्रोटीन के साथ एक पुन: संयोजक प्रतिकृति कमी वाले एडेनोवायरस वेक्टरेड वैक्सीन है।

- **जनवरी, 2023 में किस राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने नोरोवायरस के 2 मामलों की पुष्टि की है?**

(1) राजस्थान (2) गुजरात

(3) पंजाब (4) केरल **(4)**

**व्याख्या-**नोरोवायरस एक बहुत ही संक्रामक वायरस है जो उल्टी और दस्त का कारण बनता है।

वायरस कम तापमान में जीवित रहने में सक्षम है, और सर्दियों के दौरान और ठंडे देशों में इसका प्रकोप अधिक आम होता है-यही कारण है कि इसे कभी-कभी ''शीतकालीन उल्टी रोग'' कहा जाता है।

- **ICC मेन्स टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर किसे नामित किया गया है?**

(1) बेन स्टॉक्स (2) विराट कोहली

(3) रोहित शर्मा (4) हार्दिक पाण्ड्या **(1)**

- **G-20 स्टार्टअप 20 एंगेजमेंट ग्रुप 28-29 जनवरी, 2023 तक किस शहर में अपनी स्थापना बैठक आयोजित की?**

(1) जयपुर (2) लखनऊ

(3) नई दिल्ली (4) हैदराबाद **(4)**

**व्याख्या-** इस समूह ने आने वाले वर्षो के लिए G-20 देशों की उद्यमशीलता और नवाचार प्राथमिकताओं पर नीतिगत सिफारिशों के उत्पादक विकास पर चर्चा की।

- **किसे शानदार प्रदर्शन के लिए वर्ष 2022 के लिए ICC टी-20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया है?**

(1) विराट कोहली (2) रोहित शर्मा

(3) ऋषभ पंत (4) सूर्य कुमार यादव **(4)**

- **अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस 2023 कब मनाया गया?**

(1) 24 जनवरी (2) 26 जनवरी

(3) 28 जनवरी (4) 30 जनवरी **(2)**

**व्याख्या-**




विश्व सीमा शुल्क संगठन हर साल 26 जनवरी को अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस मनाता है।

2023 की थीम अगली पीढ़ी का पोषण : सीमा शुल्क में ज्ञान-साझाकरण और पेशेवर गौरव की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

- **म्यांमार और दक्षिणी चीन से वियतनाम तक अपनी पूर्व ज्ञात श्रेणियों से लुप्त होने वाली एक स्वैलटेल तितली को भारत में पहली बार किस राज्य में देखा गया है?**

(1) राजस्थान (2) हरियाणा

(3) उत्तर प्रदेश (4) अरूणाचल प्रदेश **(4)**

**व्याख्या-** मुख्यमंत्री-पेमा खांडू

लोकसभा सीटें-2

राज्यसभा सीटें-1

जिलों की संख्या-25

राज्य पशु-गायल

- **किस राज्य ने 24-25 जनवरी 2023 को वार्षिक 'ऑरेंज फेस्टिवल 2023' का तीसरा संस्करण मनाया?**

(1) नागालैण्ड (2) राजस्थान

(3) उत्तर प्रदेश (4) हरियाणा **(1)**

**व्याख्या-**




नागालैंड ने कोहिमा जिले के रूसोमा गांव में 24-25 जनवरी, 2023 को वार्षिक ऑरेंज फेस्टिवल 2023 का तीसरा संस्करण मनाया।

महोत्सव का आयोजन बागवानी, कृषि, ग्रामीण विकास, भूमि संसाधन और कोहिमा स्मार्ट सिटी विभाग द्वारा किया गया।

- **BSF द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर ऑपरेशन सर्द हवा कब से चलाया गया?**

(1) 21 से 28 जनवरी 2023
(2) 1 से 8 जनवरी 2023
(3) 1 से 8 फरवरी 2023
(4) 10 से 18 जनवरी 2023 **(1)**

- **राजस्थान के किस केन्द्रीय कारागार परिसर में पेट्रोल पम्प आशाएं द फिलिंग स्टेशन खोला गया?**

(1) अलवर (2) भरतपुर
(3) जयपुर (4) अजमेर **(1)**

**व्याख्या-** इसका संचालन कारागार के बंदियों द्वारा किया जायेगा। इसका शिलान्यास 22 जनवरी 2023 को टीकाराम जूली द्वारा किया गया।

- **15वीं राजस्थान विधानसभा का 8वां सत्र कब से शुरू हुआ?**

(1) 23 जनवरी 2023 से (2) 2 जनवरी 2022 से
(3) 2 फरवरी 2023 से (4) 28 जनवरी 2023 से
**(1)**

- **पद्म श्री अवार्ड 2023 निम्न में से किसे प्रदान किया गया?**

(1) अहमद हुसैन व मोहम्मद हुसैन
(2) लक्ष्मण सिंह
(3) मूलचंद लोढा
(4) उपर्युक्त सभी **(4)**

**व्याख्या-**

- **अहमद हुसैन व मोहम्मद हुसैन**-ये दोनों भाई प्रसिद्ध गजल गायक हैं। इन्हें कला क्षेत्र में संयुक्त रूप से पद्म श्री मिला है। इनका सम्बन्ध जयपुर जिले से है।
- **लक्ष्मण सिंह ( लोपोड़िया गाँव-जयपुर )**-इन्हें समाज सेवा (सामाजिक कार्य) हेतु पद्म श्री दिया गया। इन्होंने 40-50 विद्यालय खोले, जल संरक्षण हेतु अनेक तालाबों का निर्माण करवाया और पर्यावरण संरक्षण पर कार्य किया।
- **मूलचंद लोढा**-मूल निवासी-आमेठा (राजसमंद)
कर्मभूमि-डूंगरपुर
क्षेत्र-समाज सेवा
06 जून 2000 को माझोला गाँव (डूंगरपुर) जन जागरण युवक मण्डल की स्थापना की। इन्होंने आदिवासियों की सेवा की तथा अस्पताल खुलवाकर हजारों लोगों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन नि:शुल्क करवा चुके हैं।

- **किस देश ने अपने चार नियोजित तेल ड्रिलिंग रिग में पहल शुरू की और पहले उत्पादन कुएं की ड्रिलिंग शुरू की?**

(1) युगांडा (2) भारत
(3) चीन (4) जापान **(1)**

**व्याख्या-** युगांडा ने 24 जनवरी, 2023 को अपने चार नियोजित तेल ड्रिलिंग रिग में से पहल शुरू की। युगांडा में सहारन रेगिस्तान में सबसे बड़ा तेल भंडार

है।

❑ **निम्नलिखित में से किसे केन्द्रीय बजट 2023 में प्रस्तावित किया गया है-**

(1) पीएम विश्वकर्मा सहायता सम्मान

(2) कृषि त्वरक फंड

(3) पीएम-प्रणाम

(4) उपर्युक्त सभी **(4)**

**व्याख्या–** वित्त मंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में युवा उद्योगों द्वारा कृषि-शुरूआत को बढ़ावा देने के लिए एक कृषि त्वरक कोष की स्थापना की घोषणा की।

- निर्धारक ने देश में किसानों और कृषि क्षेत्र की सहायता के लिए डिजिटल संरचना को विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

❑ **आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के संदर्भ में, स्वास्थ्य क्षेत्र के संबंध में कौनसा कथन सत्य है-**

(1) आउट-ऑफ-पॉकेट व्यय सरकार के अंशों के व्यय से अधिक है।

(2) पिछले 8 वर्षों में जेब से होने वाले खर्च में उत्तरोत्तर कमी आई है।

(3) 2022-23 के बजट रिपोर्ट में स्वास्थ्य क्षेत्र पर केन्द्र और राज्यों का बजटीय व्यय जीडीपी के 2.1% पर रिपोर्ट

(4) उपर्युक्त सभी **(4)**

❑ **केन्द्रीय बजट 2023-24 के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सप्तर्षि मंत्र का हिस्सा है-**

(1) समावेशी विकास तथा फाइनल मील तक पहुंचना

(2) ढांचा और निवेश तथा क्षमता को उजागर करना

(3) स्वच्छ और हरित विकास, युवा शक्ति तथा वित्तीय क्षेत्र

(4) उपर्युक्त सभी **(4)**

**व्याख्या–** केन्द्रीय वित्त मंत्री ने बजट 2023 की सात प्रमुख योजनाओं को सूचीबद्ध किया है और कहा है कि वे एक दूसरे के पूरक है और अमृत काल के माध्यम से सरकार का मार्गदर्शन करने वाले सप्तऋषि के रूप में कार्य करते हैं।

❑ **बजट 2023-24 के अनुसार सिकल सेल बोर्ड के संबंध में कौनसा कथन सत्य है-**

(1) यह रक्त का एक अनुवांशिक विकार है जिसके सिकल आकार का चक्र होता है।

(2) भारत ने 2047 तक सिकल सेल इलेक्शन को खत्म करने का लक्ष्य रखा है।

(3) (1) व (2) दोनों

(4) इनमें से कोई नहीं **(3)**

**व्याख्या–** सिकल सेल रोग (SCD) जुड़ाव का समूह है जो जुड़ाव को प्रभावित करता है, लाल रक्त कोशिकाओं में अणु जो पूरे शरीर में परमाणु को ऑक्सीजन जोड़ता है।

❑ **हाल ही में 'मिष्टी' की खबरें शुरू हो रही है। यह किससे सम्बन्धित है?**

(1) मैंग्रोव वृक्षारोपण

(2) वायु परिवहन

(3) अपवाह तंत्र

(4) इनमें से कोई नहीं **(1)**

**व्याख्या–** बजट 2023-24 में वित्त मंत्री ने 'मिष्टी' के शुरुआत की घोषणा की।

मिष्टी, 'मैंग्रोव इनिशिएटिव फॉर शोरलाइन हैबिटैट्स एंड एंजेलिबल इनकम' नवंबर 2022 तक मिस्र में आयोजित कार्यक्रम परिवर्तन संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन के 27वें सम्मेलन (COP27) के दौरान शुरू किए गए मैंग्रोव एलायंस फॉर क्लाइमेट में शामिल होने के बाद आया है।